**श्री राम विलास पासवान** (हाजीपुर): छः तारीख को सत्र समाप्त होने जा रहा है। आपने उस दिन सदन में कहा था कि यदि बी. पी. मंडल रिपोर्ट सदन में रखी नहीं गई तो मैं इस पर डिसक्शन कराऊंगा।

**अध्यक्ष महोदय**: मैं पक्का हूं। मैंने हाउस में कहा है कि उस दिन तक रिपोर्ट नहीं रखी जाएगी तो डिसक्शन कराऊंगा। एक एश्योरेंस होम मिनिस्टर का है कि इस सत्र में रखी जायगी दूसरा मेरा आपको और सदन को है कि अगर इन्होंने नहीं रखी तो चाहे आखिरी दिन करवानी पड़े--मैं डिसक्शन इस पर करवाऊंगा।
This is my assurance. I do not go back on what I say.

**श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव** (मधेपुरा): एक साल पहले मेरे बिल के उत्तर में सरकार ने कहा था कि वह रिपोर्ट प्लेस करने जा रही है। एक साल गुजर गया है, आज तक प्लेस नहीं हुई है।

**अध्यक्ष महोदय**: वह मैंने वादा नहीं है। लिख कर रखा हुआ है मैंने।

**श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री** (सैदपुर): छः तारीख को शाम को अगर रखवाई गई तो कैसे बहस हो सकेगी?

**अध्यक्ष महोदय**: वह मैंने वादा नहीं किया है।

*(Interruptions)*

MR. SPEAKER: There is no confusion. It is a clear-cut one.

(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय**: हां, बिल्कुल मिलेगा, जो बात मैंने कही है, उसमें पीछे नहीं हटूंगा।

**श्री जैनुल बशर** (गाजीपुर): अध्यक्ष महोदय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में सर सुन्दरलाल हस्पताल में जूनियर डाक्टरर्स की हड़ताल के कारण वह हस्पताल बन्द हो गया है,

**अध्यक्ष महोदय**: इस पर कोई मोशन दीजिए, ऐसे थोड़े ही होगा।

**श्री जैनुल बशर**: बड़ी संख्या में वहां लोग मर रहे हैं, इस पर डिस्कशन होना चाहिए।

**अध्यक्ष महोदय**: यह मेरा सबजैक्ट नहीं है।

**श्री आर. एन. राकेश** (चैल): अध्यक्ष महोदय जब हमने बिहार और उत्तर प्रदेश के बारे में सवाल उठाया था कि वहां पर एन्काउन्टर में तमाम हरिजन वर्ग के लोग मारे जा रहे तो आपने आश्वासन दिया था कि अगर सैटिस्फाइड नहीं होंगे तो.. (व्यवधान) क्या आप उसके लिए टाइम दे रहे हैं?

**अध्यक्ष महोदय** नॉट एलाउड।

(व्यवधान)

**श्री रंजनाथ सोनकर शास्त्री**: हमने एक कालिंग अटेंशन दिया था कि जौनपुर और वाराणसी के बीच में दो-दो डकैतियां पड़ी है।

**अध्यक्ष महोदय**: देखेंगे।

**श्री आर. एन. राकेश**: अध्यक्ष महोदय, जब-जब हरिजनों की बात आती है, नॉट एलाउड, नाट एलाउड, पता नहीं क्या हो गया है?

## PAPERS LAID ON THE TABLE

ANNUAL REPORT OF HINDUSTAN PREFAB LIMITED, NEW DELHI FOR 1980-81

THE DEPUTY MINISER IN THE MINISTRY OF WORKS AND HOUSING (SHRI BRAJAMOHAN MOHANTY): Sir, on behalf of Shri Bhishma Narain Singh, I beg to lay on the Table:

(1) A copy each of the following papers (Hindi and English versions) under sub-secton (1) of section 619A of the Companies Act, 1956:—

(i) Review by the Government on the working of the Hindufan Prefab Limited, New Delhi, for the year 1980-81.

(ii) Annual Report of the Hindustan Prefab Limited,

New Delhi, for the year 1980-81 along with the Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

(2) A statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above. [*Placed in Library. See* No. LT-4011/82].

BRAHMAPUTRA BOARD RULES, 1981

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF IRRIGATION (SHRI Z. R. ANSARI): I beg to lay on the Table a copy of the Brahmaputra Board, Rules, 1981 (Hindi and English versions) published in Notification No. G.S.R. 676(E) in Gazette of India dated the 29th December, 1981 together with a Corrigendum thereto published in Notification No. G.S.R. 240(E) in Gazette of India dated the 1st March, 1982, under section 30 of the Brahmaputra Board Act. 1980. [*Placed in Library. See* No. LT-4012/82].

---

## ESTIMATES COMMITTEE

TWENTY NINTH, SIXTH AND THIRTIETH REPORTS & MINUTES

SHRI S. B. P. PATTABHI RAMA RAO (Rajahmundri): Sir, I beg to present the following Reports and Minutes (Hindi and English versions) of the Estimates Commiitee:—

(i) Twenty-ninth Report on the Ministry of Finance—Direct Taxes (Wealth Tax, Gift Tax and Estate Duty—Part II).

(ii) Twenty sixth Report on Action taken by Government on the recommendations contained in the Eleventh Report of the Committee on the Ministry of Communications—Telephones.

(iii) Thirtieth Report on Action Taken by Government on the recommendations contained in the Fourteenth Report of the Committee on the Ministry of Industry (Department of Industrial Development)—Small Scale Industries—Raw Materials and Marketing.

(iv) Minutes relating to the Twenty-third Report on the Ministry of Commerce—Export Promotion.

(v) Minutes relating to the Twentieth and Twenty-fourth Reports on the Ministry of External Affairs—Overseas Indians in Sri Lanka—Part II and South East Asia (Burma, Malaysia, Singapore and Indonesia)—Part III.

---

## COMMITTEE ON PUBLIC UNDERTAKINGS

FORTYFIRST REPORT & MINUTES

SHRI RAVINDRA VARMA (Bombay North): Sir, I beg to present the Forty-first Report (Hindi and English versions) of the Commiittee on Public Undertakings on Hindustan Photo Films Manufacturing Company Limited and Minutes of the sittings of the Committee relating thereto.

---

## MATTERS UNDER RULE 377

(i) STEPS FOR INCREASED INDUSTRIALISATION OF KUMAON AND GARHWAL DIVISION OF U.P.

श्री हरीश रावत (अल्मोड़ा): अध्यक्ष महोदय, मैं नियम 377 के अन्तर्गत निम्न विषय यहां रखना चाहता हूं:——

उत्तर प्रदेश के कुमाऊं व गढ़वाल मंडल औद्योगिक रूप से देश के सबसे पिछड़े हुए क्षेत्र हैं। यहां पर वनों पर आधारित तथा सीमेंट मैग्नेशियम के उद्योग स्थापित